रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सत्यमेव जयते

सी.जी.-डी.एल.-अ.-10032026-270821
CG-DL-E-10032026-270821

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 160] | नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 10, 2026/फाल्गुन 19, 1947 |
| No. 160] | NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 10, 2026/PHALGUNA 19, 1947 |


## गृह मंत्रालय

## (राजभाषा विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 फरवरी, 2026

**सा.का.नि. 166(अ).—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, हिंदी शिक्षण योजना, संयुक्त निदेशक (हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि) भर्ती नियम, 2014 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रान्त करते हुए, जिन्हे ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, हिंदी शिक्षण योजना में संयुक्त निदेशक (हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि) के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् : -

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ –** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, हिंदी शिक्षण योजना, संयुक्त निदेशक (हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि) समूह 'क' पद, भर्ती नियम, 2025 है।

   (2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर -** उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में उसका स्तर या वेतनमान वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि -** उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त/पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता -** वह व्यक्ति, –

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति -** जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति -** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| **पद का नाम।** | **पदों की संख्या।** | **वर्गीकरण।** | **वेतन मैट्रिक्स में स्तर।** | **चयन अथवा अचयन पद।** | **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा।** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| संयुक्त निदेशक (हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि)। | 2 (2025)* *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क',राजपत्रित, अननुसचिवीय। | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-12 (78800-209200 रु0)। | चयन। | लागू नहीं होता। |

| **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं।** | **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं।** | **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।** | **भर्ती की पद्धतिः भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धितियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।** |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा। |

| **प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती कि दिशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा।** |
|---|
| (11) |
| प्रोन्नति : वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 (67700-208700 रु0) में ऐसे उप निदेशक (हिंदी टंकण और हिंदी आशुलिपि) जिन्होंने श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा की हो और सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा विनिर्दिष्ट दो सप्ताह का आज्ञापक प्रवेश प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूरा किया है। **टिप्पण-1 :** इन नियमों के अधिसूचित होने की तारीख को, नियमित आधार पर पद धारण किए हुए विद्यमान उप निदेशक(हिंदी टंकण और हिंदी आशुलिपि) के लिए, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या स.का.नि. 70, तारीख 4 अप्रैल, 2014 द्वारा अधिसूचित वर्तमान भर्ती नियम में अंतर्विष्ट उपबंध लागू होंगे। |

**टिप्पण-2 :** प्रोन्नति के लिए पात्रता सूची, अधिकारी द्वारा संबंधित श्रेणी या पद के लिए विहित अर्हक सेवा पूरा करने की तारीख के संदर्भ में तैयार की जाएगी।

**टिप्पण-3 :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

प्रतिनियुक्ति: - केंद्रीय सरकार के ऐसे अधिकारीः-

(क)(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या

(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (67700-208700 रु0) या समतुल्य पद में नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में पाचँ वर्ष की नियमित सेवा की हो ; और

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते हैं – अर्थात्

(i)(अ) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी माध्यम से या एक अनिवार्य विषय के रुप में हिंदी के साथ स्नातक डिग्री ; या

(आ) कक्षा 12वीं में अनिवार्य विषय के रुप में हिंदी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री ; और

(ii) हिंदी टंकण और हिंदी आशुलिपि में दस वर्ष का अनुभव।

**टिप्पण-1 :** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

**टिप्पण-2 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पण-3 :** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

| **यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना।** | **भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।** |
|---|---|
| **(12)** | **(13)** |
| विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगेः-<br>1. अध्यक्ष या सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग -अध्यक्ष ;<br>2. सचिव, राजभाषा विभाग -सदस्य ;<br>3. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग -सदस्य। | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है। |

[फा. सं. 14034/16/2022- रा.भा.(प्रशि.)]

प्रेम नारायण , उप सचिव

**MINISTRY OF HOME AFFAIRS**

**(Department of Official Language)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 11th February, 2026

**G.S.R. 166(E).—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Ministry of Home Affairs, Department of Official Language, Central Hindi Training Institute, Joint Director (Hindi Typewriting and Hindi Stenography) Recruitment Rules, 2014, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Joint Director (Hindi Typewriting and Hindi Stenography) in the Central Hindi Training Institute, Hindi Teaching Scheme, Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, namely :-

1. **Short title and commencement.-**(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Department of Official Language, Central Hindi Training Institute, Hindi Teaching Scheme, Joint Director (Hindi Typewriting and Hindi Stenography) Group 'A' Post, Recruitment Rules, 2025.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in pay matrix.-** The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.-** The method of recruitment, age- limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.-**No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having

a spouse living ; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage

with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Powers to relax.-** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.-** Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, ex-Servicemen, and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| **Name of post.** | **Number of post.** | **Classification.** | **Level in pay matrix.** | **Whether selection post or non-selection post.** |
|---|---|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** |
| Joint Director (Hindi Typewriting and Hindi Stenography). | 2(2025)*<br>*Subject to variation dependent on workload. | General Central Service, Gazetted, Group 'A', Non Ministerial. | Level-12 in the pay matrix (Rs.78800 – 209200). | Selection. |

| Age-limit for direct recruits. | Educational and other qualifications required for direct recruits. | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees. | Period of probation, if any. | Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods. |
|---|---|---|---|---|
| (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| Not applicable. | Not applicable. | Not applicable. | Not applicable. | By promotion, failing which by deputation. |

| **In case of recruitment by promotion or by deputation/absorption, grades from which promotion or deputation/absorption to be made.** |
|---|
| **(11)** |
| Promotion:<br>Deputy Director (Hindi Typewriting and Hindi Stenography) in level-11 in the pay matrix (67700-208700) with five years regular service in the grade and having successfully completed at least two weeks mandatory induction training as specified by competent authority.<br>**Note 1.-** For the existing Deputy Director (Hindi Typing and Hindi Stenography) holding the post on regular basis as on the date of notification of these rules, the provisions contained in the existing recruitment rules notified vide |

Department of Official Language, Ministry of Home Affairs Notification No.G.S.R.70, dated the 4th April 2014, shall be applicable.

**Note 2.-** The eligibility list for promotion shall be prepared with reference to the date of completion by the officers of the prescribed qualifying service in the respective grade or post.

**Note 3.-** Where Juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors shall also be considered provided they are not shot of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service.

Deputation:

Officers of the Central Government.–

(a)(i) holding analogous posts on a regular basis in the parent cadre or department; or

(ii) with five years' service in the grade rendered after appointment to the post on a regular basis in level-11 in the pay matrix (Rs. 67700-208700) or equivalent in parent cadre or department;

and

(b) possessing the following educational qualifications and experience, namely:-

Essential:

(i)(A)Bachelor's degree from a recognised University with Hindi as one of the compulsory subjects or with Hindi medium; or

(B)Bachelor's degree from a recognised University with Hindi as one of the compulsory subjects at 12th class; and

(ii) ten year's experience in Hindi Typewriting and Hindi Stenography.

**Note 1.-** The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, the deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion.

**Note 2.-** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed four years.

**Note 3.-** The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications.

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition. |
|---|
| **(12)** |
| Departmental Promotion Committee(for considering promotion) consisting of:-<br>1. Chairperson or Member, Union Public Service Commission – Chairperson;<br>2. Secretary, Department of Official Language – Member;<br>3. Joint Secretary, Department of Official Language – Member. |

| Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|
| **(13)** |
| Consultation with the Union Public Service Commission is not necessary. |

[F. No. 14034/16/2022- OL(Trg.)]

PREM NARAIN, Dy. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. SARVESH KUMAR SRIVASTAVA